भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3905

दिनांक 06 अप्रैल, 2022 (16 चैत्र,1944 (शक)) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर में सीमा पार से घुसपैठ

3905 श्री राकेश सिन्हा:

श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर (जे एंड के) में सीमा पार से घुसपैठ में वृद्धि हुई है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): वर्ष 2018 से जम्मू और कश्मीर में सीमा-पार से घुसपैठ में काफी कमी आई है। पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुमानित कुल घुसपैठ निम्नानुसार है

	2017	2018	2019	2020	2021
अनुमानित कुल घुसपैठ	136	143	138	51	34

(ग): सरकार ने सीमा-पार से घुसपैठ को रोकने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा/नियंत्रण रेखा पर बहु-स्तरीय तैनाती करना, सीमा पर बाड़ लगाना, खुफिया और ऑपरेशनल समन्वय में सुधार करना, सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित करना और घुसपैठियों के विरूद्ध सक्रिय कार्रवाई करना शामिल है।

*****